# हनुमंत जन्मोत्सव पर महापौर एवं विधायक डॉ. सिकरवार ने की आरती

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 अप्रैल.** हनुमान जयंती पर आज ललितपुर कॉलोनी कार्यालय पर संगीतमय सुंदरकाण्ड का पाठ किया गया। सुंदरकाण्ड पाठ में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। सुंदरकाण्ड पाठ के उपरांत महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार 'नीटू' के साथ तमाम श्रृद्धालुओं ने आरती की। आरती करने वालों में वरिष्ठ समाजसेवी पुरूषोत्तम भार्गव, सुरेश नीखरा, राम पाण्डे,

**सुंदरकाण्ड का पाठ हुआ, करीब 5 हजार नागरिकों ने ग्रहण की प्रसादी**

राकेश अग्रवाल, संजय कठठ्ल, अवधेश कौरव, नाथूराम ठेकेदार, गायत्री सुधीर मण्डेलिया, रेखा जाटव, केदार बरहादिया, सुरेन्द्र साहू, प्रमोद खरे, अंकित कठठ्ल, विनोद जैन, राजेश तोमर, प्रमोद जैन, अनूप शिवहरे, संदीप यादव, सुरेश प्रजापति, महेन्द्र शर्मा 'विक्की', जहान सिंह तोमर, कल्लू तोमर, आदित्य सिंह सिकरवार, हेमंत शर्मा 'कवि', अंशुमन सिंह सिकरवार, अरूणोदय सिंह सिकरवार, हरेन्द्र वर्मा, सुनील रमपुरिया समेत सैकड़ों गणमान्यजन मौजूद रहे। सुंदरकाण्ड के पश्चात् प्रसादी में हजारों लोगों ने शिरकत की।

# हैदराबाद का रन तूफान, कोलकाता ध्वस्त

**कोलकाता, 02 अप्रैल. आईपीएल 2026 के इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने हर विभाग में दमदार प्रदर्शन करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से करारी शिकस्त दी. ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मैच में हैदराबाद की आक्रामक बल्लेबाज़ी और अनुशासित गेंदबाज़ी के सामने कोलकाता की टीम पूरी तरह बेबस नजर आई.**

पहले बल्लेबाज़ी करते हुए हैदराबाद ने 20 ओवरों में 8 विकेट पर 226 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया. टीम की शुरुआत बेहद विस्फोटक रही, जहां ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने पावरप्ले में ही कोलकाता के गेंदबाज़ों पर धावा बोल दिया. दोनों ने शुरुआती ओवरों में तेज़ रन बनाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया. हेड ने 46 रन की आक्रामक पारी खेली, जबकि अभिषेक शर्मा 48 रन बनाकर आउट हुए.

हालांकि कोलकाता की ओर से ब्लेसिंग मुजरबानी ने 4 विकेट लेकर कुछ हद तक वापसी की कोशिश की, लेकिन अन्य गेंदबाज़ों के महंगे स्पेल के कारण हैदराबाद का स्कोर लगातार बढ़ता रहा. 227 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता की टीम शुरुआत से ही दबाव में नजर आई. बड़े लक्ष्य के कारण बल्लेबाज़ों को आक्रामक खेलना पड़ा, लेकिन इसका खामियाजा विकेट गंवाकर चुकाना पड़ा. कोलकाता की बल्लेबाज़ी में कमी साफ नजर आई. बीच-बीच में कुछ अच्छे शॉट्स जरूर देखने को मिले, लेकिन कोई भी बल्लेबाज़ बड़ी पारी नहीं खेल सका. अंगकृष रघुवंशी ने 52 रन बनाकर जरूर संघर्ष किया. हैदराबाद के गेंदबाज़ों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नियमित अंतराल पर विकेट झटके. जयदेव उनादकट ने 3 विकेट लेकर मैच का रुख पूरी तरह हैदराबाद की ओर मोड़ दिया. कोलकाता को उभरने का मौका नहीं दिया. कोलकाता की पूरी टीम 16 ओवर में 161 रन पर सिमट गई.

**स्कोर बोर्ड**

**हैदराबाद बल्लेबाजी**

| बल्लेबाज | रन | बोल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड | 46 | 21 | 6 | 3 |
| अभिषेक शर्मा | 48 | 21 | 4 | 4 |
| ईशान किशन | 14 | 9 | 3 | 0 |
| हेनरिक क्लासेन | 52 | 35 | 4 | 1 |
| अनिकेत वर्मा | 1 | 4 | 0 | 0 |
| नीतीश कुमार रेड्डी | 39 | 24 | 4 | 1 |
| सलील अरोड़ा | 0 | 1 | 0 | 0 |
| हर्ष दुबे* | 9 | 3 | 2 | 0 |
| शिवांग कुमार | 4 | 2 | 1 | 0 |

**अतिरिक्त 13, कुल रन 226/8. कोलकाता गेंदबाजी:** वैभव अरोड़ा 4-0-47-2, ब्लेसिंग मुजराबानी 4-0-41-4, सुनील नरेन4-0-39-0, वरुण चक्रवर्ती,2-0-31-0, कार्तिक त्यागी 4-0-48-1, अनुकूल रॉय 2-0-16-1

**कोलकाता बल्लेबाजी**

| बल्लेबाज | रन | बोल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे | 8 | 10 | 0 | 0 |
| फिन ऐलेन | 28 | 7 | 4 | 2 |
| अंगकृष रघुवंशी | 52 | 29 | 6 | 2 |
| कैमरन ग्रीन | 2 | 2 | 0 | 0 |
| रिंकू सिंह | 35 | 25 | 4 | 1 |
| अनुकूल रॉय | 0 | 2 | 0 | 0 |
| रमनदीप सिंह | 10 | 9 | 1 | 0 |
| सुनील नरेन | 12 | 4 | 0 | 2 |
| कार्तिक त्यागी | 5 | 5 | 1 | 0 |
| वैभव अरोड़ा | 1 | 2 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त 8, कुल रन 161/10**

# जंग नहीं हुई खत्म : दुनिया के साथ ग्वालियर के लोग भी मायूस

दिव्यानंद अर्गल

**ग्वालियर 2 अप्रैल.** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच पूरी दुनिया की नजरें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संबोधन पर टिकी

**सुबह साढ़े छह बजे उठकर लोगों ने सुना ट्रंप का संबोधन लेकिन आस भई निराश**

थीं। ग्वालियर के बाजार से लेकर चौराहों तक चर्चा थी कि शायद ट्रंप युद्ध विराम या शांति का कोई ठोस रास्ता निकालेंगे, जिससे वैश्विक बाजार स्थिर होगा और पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों से राहत मिलेगी। लेकिन ट्रंप की ढुलमुल अंदाज बयानी ने इन उम्मीदों पर पानी फेर दिया। अब आशंका जताई जा रही है कि अगले 3 से 4 हफ्तों तक अमेरिका और ईरान के बीच टकराव और बढ़ सकता है, जिसका सीधा असर ग्वालियर के आम आदमी की थाली और आवाजाही पर पड़ेगा। ग्वालियर के सराफा बाजार से लेकर दाल बाजार तक, व्यापारियों में इस अनिश्चितता को लेकर चिंता है। युद्ध बढ़ने की स्थिति में न केवल ईंधन, बल्कि सोना-चांदी और आयातित वस्तुओं के दाम भी बढ़ने तय हैं। ट्रंप के बयान में युद्ध रोकने की किसी स्पष्ट घोषणा के अभाव ने निवेशकों और आम जनता दोनों को निराश किया है।

**युद्ध की आहट और महंगाई का गणित**

जीवाजी यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों के अनुसार वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति का एक बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों से आता है। अगर अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध बढ़ता है, तो सप्लाई चेन बाधित होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि तनाव कम नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल के दामों में भारी उछाल देखने को मिल सकती है। ग्वालियर जैसे शहर में, जहां माल ढुलाई और ट्रांसपोर्टेशन पूरी तरह डीजल पर निर्भर है, वहां महंगाई का एक नया चक्र शुरू होने का डर सता रहा है।

**इनका कहना है**

हमें उम्मीद थी कि ट्रंप समझदारी दिखाएंगे और युद्ध रोकने की बात करेंगे। आज की दुनिया में युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं है। अगर ईरान के साथ तनाव बढ़ा, तो पेट्रोल के दाम बहुत आगे निकल जाएंगे। इसका सबसे ज्यादा असर मध्यम वर्ग के बजट पर पड़ेगा। ट्रंप के संबोधन ने हमें बुरी तरह निराश किया है।

**विकास कुशवाहा, बिजनेसमैन**

रसोई का बजट पहले से ही बिगड़ा हुआ है। अगर अमेरिका - ईरान युद्ध की वजह से तेल महंगा होता है, तो फल, सब्जी और राशन के दाम भी बढ़ जाएंगे। गैस के दामों में लगातार बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है, हमें लगा था कि युद्ध विराम की खबर आएगी और महंगाई कम होगी, लेकिन अब तो डर लग रहा है कि अगले एक महीने में घर चलाना और मुश्किल हो जाएगा।

**सरिता, गृहिणी**

ट्रंप के बयान के बाद कच्चे तेल के दाम अंतरराष्ट्रीय मार्केट में चढ़ने लगे हैं। अगर तीन-चार हफ्ते तनाव और खिंचा, तो माल ढुलाई के रेट बढ़ाने पड़ेंगे। इससे हर चीज महंगी हो जाएगी। ग्वालियर के व्यापारियों के लिए यह बहुत ही चिंताजनक संकेत हैं। हमे अनुमान था कि ट्रंप आज युद्ध विराम का ऐलान कर देंगे लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ आखिरकार निराशा हाथ लगी।

**दिनेश बरैया, वरिष्ठ भाजपा नेता**

आजकल पूरी दुनिया आपस में जुड़ी हुई है। अमेरिका में क्या फैसला होता है, उसका असर हमारे ग्वालियर की सड़कों पर दिखता है। युद्ध बढ़ने का मतलब है और महंगाई बढ़ना। ट्रंप को शांति की पहल करनी चाहिए थी, न कि तनाव बढ़ाने वाली बातें। महंगाई बढ़ने से बाजार में भी लोंगो की कमी देखने को मिल रही है, जिस कारण ग्वालियर के लोग चिंता में डूबे हुए हैं।

**संजय सिंह, बीएसपी नेता**

# ग्राम सातऊ में सड़क किनारे शीतल प्याऊ का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 अप्रैल.** ग्राम सातऊ में योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से संबद्ध नवांकुर संस्था सफल युवा मंडल द्वारा गर्मियों में आमजनों एवं पशुओं को राहत प्रदान करने के लिए शीतल जल सेवा प्याऊ का शुभारंभ किया है। साथ ही जल गंगा

**जल गंगा संवर्धन पर संगोष्ठी आयोजित**

संवर्धन पर संगोष्ठी आयोजित की गई। सातऊ ग्राम से काफी संख्या में दूध का व्यापार करने वाले ग्रामीण गुजरते हैं। गर्मियों के मौसम में ग्रामीणों एवं राहगीरों को पानी की समस्या न हो, इसके लिए सातऊ गांव में शीतल जल सेवा का शुभारंभ किया गया है। इसके साथ ही यहां पर पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही जल गंगा संवर्धन विषय पर संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया।

संभाग समन्वयक सुशील बरुआ ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीणों को जल

के सदुपयोग एवं संरक्षण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। संगोष्ठी की अध्यक्षता जिला समन्वयक धर्मेंद्र दीक्षित ने की। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के विभिन्न पहलुओं को विस्तारपूर्वक ग्रामीणों को समझाया। साथ ही ग्रामीणों को जल बचाने और वर्षा जल संचयन के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम संचालक एवं नवांकुर संस्था सफल युवा मंडल के अध्यक्ष अरविंद कुशवाह ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का स्वागत किया तथा जल संरक्षण के प्रति जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक समन्वयक विनोद शर्मा ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा कार्यालय भूमि पूजन 6 को

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 अप्रैल.** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के महानगर कार्यालय का भूमि पूजन होना निश्चित हुआ है।

इस हेतु आज भूमि पूजन और कार्यक्रम की योजना हेतु भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया के नेतृत्व मे भाजपा पदाधिकारीगण कार्यस्थल पर निरिक्षण हेतु एकत्र हुए।

कल 11 बजे बालभवन पर इसी सन्दर्भ मे विशेष बैठक रखी

गयी है जिसमे प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारीगण, मण्डल अध्यक्ष, महामंत्री, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, महामंत्री, वरिष्ठ भाजपा जन सम्मिलित होंगे।

आज स्थल निरिक्षण के दौरान जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया के साथ पूर्व अध्यक्ष कमल माखीजानी, महामंत्री राजू पलैया, बिट्टू तोमर, जवाहर प्रजापति, रामेश्वर भदौरिया, विनय जैन, राघवेंद्र शर्मा, चन्दन पटेल, दीपक शर्मा, राघवेंद्र कुशवाह, गिर्राज व्यास, ओमप्रकाश धनोल, अलोक आहूजा, नितेश थापक, राहुल भदौरिया, बिरजू शिवहरे, डॉ निशिकांत मोघे रहे। यह जानकारी मिडिया प्रभारी डॉ निशिकांत मोघे ने दी.

## पार्षद एवं निगम प्रशासन के बीच क्रिकेट मैच आज

**ग्वालियर 2 अप्रैल.** नगर निगम ग्वालियर द्वारा खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 3 अप्रैल को कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम में दो महत्वपूर्ण क्रिकेट मैचों का आयोजन किया जाएगा। नोडल अधिकारी खेल बी.के. त्यागी ने बताया कि प्रात: 8 बजे निगम प्रशासन एकादश एवं पार्षद एकादश के बीच मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच खेला जाएगा। यह मैच आपसी समन्वय और खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसके पूर्व सुबह 6 बजे नगर निगम द्वारा आयोजित अंतर्विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा.

# पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति सुचारू बनाए रखने समिति गठित

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 अप्रैल.** ग्वालियर जिले में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी, पीएनजी एवं सीएनजी की उपलब्धता व सुचारू आपूर्ति बनाए रखने के लिये कलेक्टर रुचिका चौहान ने जिला स्तरीय समिति गठित की है।

यह समिति कॉमर्शियल गैस सिलेण्डरों का प्राथमिकता के अनुसार संस्थानों को वितरण कराने एवं उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निराकरण भी करेगी। जिला स्तरीय समिति का गठन अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में किया गया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक अरविंद सिंह भदौरिया (मोबा. 7999556459) को समिति का सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। समिति में जिला नोडल अधिकारी सेल्स ऑफिसर एचपीसीएल कल्पेश मौर्य (मोबा. 9324506525), आईओसीएल एलपीजी के सेल्स ऑफिसर हरिओम (मोबा. 8109220801), सेल्स ऑफिसर आईओसीएल एलपीजी शशि प्रकाश (मोबा. 7307015215), सेल्स ऑफिसर बीपीसीएल एलपीजी दीपक दिवाकर (मोबा. 7898770852), सेल्स ऑफिसर एचपीसीएल रिटेल प्रवीण शर्मा (मोबा. 9321710194), सेल्स ऑफिसर रिटेल आईओसीएल रामजी (मोबा. 9522319168), सेल्स ऑफिसर रिटेल आईओसीएल आनंद देव (मोबा. 8547968209) एवं सेल्स ऑफिसर रिटेल बीपीसीएल अंकित नेगी (मोबा. 9068810678) को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इस समिति के सभी सदस्य प्रत्येक सोमवार को कलेक्ट्रेट में होने वाली टीएल बैठक में जानकारी सहित उपस्थित रहेंगे। साथ ही पेट्रोलियम पदार्थों की आवश्यकता के अनुसार और शासन दिशा-निर्देशों के तहत आपूर्ति सुनिश्चित करायेंगे। ऑयल कंपनियों के सभी सेल्स ऑफिसर जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की मांग, उपलब्ध स्टॉक एवं आपूर्ति के वरीयता क्रम की अद्यतन जानकारी प्रतिदिन अनिवार्य रूप से प्रदान करेंगे। साथ ही समिति के निर्देशन में आपूर्ति सुनिश्चित करायेंगे।

# मनाही के बाद भी विक्की फैक्ट्री से जा रही हैं बसें

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 अप्रैल.** एजी ऑफिस से लेकर नाका चंद्रवदनी तक सड़क निर्माण कार्य के चलते एक माह के लिए नाका चंद्रवदनी से विक्की फैक्ट्री तक भारी वाहनों के प्रवेश को वर्जित कर दिया गया था, लेकिन इस आदेश के बाद भी अधिकांश बसें नाका चंद्रवदनी से विक्की फैक्ट्री तिराहा होते हुए अपने गंतव्य के लिए पहुंच रही हैं। वहीं दूसरी ओर अभी तक नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभनहीं की है, जिसके कारण कार्य लगातार पिछड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर वैकल्पिक मार्ग पर कई अड़चनें हैं। यहां रजिस्ट्रार कार्यालय एवं कार्यालय के पहले हॉस्पीटल एवं लोटस विला के सामने कारों की पार्किंग के कारण वहां पर बसों के निकलने से जाम लगने की स्थिति बनी रहेगी। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा एजी ऑफिस पुल से विक्की फैक्ट्री तक 4.50 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जा रही है। है। पहले यह सड़क डामर गिट्टी से बनी थी, जिसके कारण हर साल यह खराब हो रही थी, इसके चलते

पीडब्ल्यूडी विभाग ने पहली बार व्हाइट टफिंग रोड बनाने का निर्णय लिया है। इस निर्माण कार्य के दौरान भारी वाहनों को नाका चंद्रवदनी से विक्की फैक्ट्री चौराहे से निकलना प्रतिबंधित किया गया था, था, लेकिन इसके बाद भी यहां से बसें गुजर रही हैं।

**13 किलोमीटर फेरा बचाने की कवायद**-नाका चंद्रवदनी बस स्टैण्ड एवं पड़ाव बस स्टैण्ड से जाने वाले सवारी वाहन अब नाका चंद्रवदनी स्थित विवेकानंद नीडम पुल से होते हुए कलेक्ट्रेट रूट से सीधे हाइवे पर पहुंचेंगे। वहां से यह वाहन शिवपुरी, गुना, डबरा, दतिया, आदि स्थानों के लिए रवाना हो सकेंगे। इसके कारण बस ऑपरेटरों का लगभग 13 किलोमीटर लंबा रूट बढ़ गया है। ऐसे में सड़क निर्माण कार्य में तेजी नहीं आने के कारण बस आपरेटर अपना 13 किलोमीटर का फेरा बचाने के लिए अभी इसी मार्ग का उपयोग कर रहे हैं।

**वैकल्पिक मार्ग भी परेशानी भरा**- जिला प्रशासन द्वारा भारी वाहनों को नीडम पुल से कलेक्ट्रेट होते हुए हाइवे पर जाने का निर्देश दिया था। इस मार्ग पर जिला पंजीयक कार्यालय है, यहां हर समय भारी भीड़ रहती है, इसके साथ ही जिला पंजीयक कार्यालय के पास ही हॉस्पीटल संचालित होता है, वहां पर जाने वाले मरीजों के अटेंडरों की गाड़ियां सड़क पर पार्क रहती हैं, जिससे सड़क से गुजरने के लिए महज 15 फीट की जगह ही बचती है।

# जल सहेजने के लिये पोखर पर किया श्रमदान, जल चौपाल भी लगाई

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 अप्रैल.** जिले के विकासखंड भितरवार अंतर्गत ग्राम बसई और गोहिंदा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पोखर पर श्रमदान कर जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई। जन अभियान परिषद की समितियों के साथ मिलकर सेवाभावी नागरिकों ने पुरानी तलैया में जमी मिट्टी को हटाने, साफ-सफाई एवं गहरीकरण का कार्य शुरू किया। जिससे जल संरचनाओं के संरक्षण

और संवर्धन को नई गति मिली।

अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं नवांकुर संस्थाओं द्वारा जन चौपाल आयोजित कर 'सुरक्षित जल - समृद्ध कल' का संदेश दिया गया। चौपाल में बताया गया कि अभियान के दौरान मुख्य एवं सहायक नदियों पर सामूहिक श्रम-साधना, नदी अनुभूति, जल चौपाल व संवाद, जल संरक्षण में योगदान देने वाले व्यक्तियों का सम्मान तथा नारा लेखन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान 04 जून तक संचालित रहेगा।

इस अवसर पर जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक मनोज दुबे सहित कुलदीप नामदेव, कोमल सिंह रावत, राजू पाठक, लक्ष्मण प्रजापति, पालेंद्र राणा, सोबरन बघेल, सुरेंद्र बघेल, गजेन्द्र सिंह और बलविंदर सिंह रावत सहित अनेक ग्रामीणजन शामिल हुए।

# पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेस का विरोध

**ग्वालियर 2 अप्रेल।** कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि आज देश का हर वर्ग महंगाई की मार झेल रहा है और यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। भाजपा सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ाकर आम जनता के मुंह से निवाला छीनने का काम किया है। यह केवल ईंधन की कीमतों में वृद्धि नहीं है, बल्कि यह आम आदमी के जीवन पर सीधा आघात है। जब पेट्रोल और डीजल महंगे होते हैं तो हर वस्तु की कीमत बढ़ जाती है और इसका सबसे अधिक असर गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है। आज भाजपा के राज में आम आदमी यह सोचने पर मजबूर है कि वह क्या खाए और क्या बचाए। रसोई गैस महंगी होने के कारण परिवारों का बजट बिगड़ गया है, बिजली के बढ़ते बिलों ने लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं और अब ईंधन की कीमतों ने जीवन को और कठिन बना दिया है। यह स्थिति किसी भी संवेदनशील सरकार के लिए चिंता का विषय होनी चाहिए, लेकिन दुर्भाग्यवश भाजपा सरकार इस ओर ध्यान देने के बजाय जनता पर लगातार आर्थिक बोझ डाल रही है।

# कस्तूरबा चौराहा पर सभापति मनोज तोमर ने किया प्याऊ का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 2 अप्रैल.** गर्मियों के मौसम में लोगों को ठंडा पानी मिल सके, इसके लिए रेडक्रॉस सोसायटी ने कस्तूरबा गांधी विश्राति भवन न्यास के पास शीतल जल की प्याऊ का गुरुवार को विधिवत शुभारंभ किया। शीतल जल प्याऊ होने से यहां से गुजरने वाले लोगों को राहत मिल सकेंगी।

कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने गर्मियों में लोगों को शीतल पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़े, इसके लिए जिलेभर में शीतल जल सेवा का शुभारंभ करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान की प्रेरणा से रेडक्रॉस सोसाइटी एवं कस्तूरबा गांधी विश्रांति भवन न्यास के संयुक्त प्रयास से कस्तूरबा चौराहा के पास एक प्याऊ का आज शुभारंभ किया गया है। चूंकि इस रास्ते के आगे 1000 बिस्तर हॉस्पीटल है, जिसके चलते यहां से गुजरने वाले मरीज एवं उनके परिजनों गर्मियों में परेशानी का सामना करना पड़ता था । मरीजों एवं आमजनों की सुविधा को देखते हुए प्याऊ का शुभारंभ किया गया है। प्याऊ का शुभारंभ सभापति मनोज तोमर, सचिव रेडक्रॉस नवल किशोर शुक्ला, कस्तूरबा न्यास के अध्यक्ष जगदीश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे सुरेश मित्तल, निशिकांत मिश्रा, विजय कुमार शर्मा, सुरेन्द्र कुशवाह, एवं अन्य नागरिक भी उपस्थित हुए।


**उधारकर्ता के लिए नोटिस**

उधारकर्ता: श्री विकाश श्रीवास्तव, श्रीमती चंद्रा श्रीवास्तव, श्रीमती रुचिका श्रीवास्तव (प्रॉस्पेक्ट नंबर 728780 और 729986) आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL-HFL) के अधिकृत अधिकारी द्वारा SARFAESI एक्ट के तहत, उधारकर्ताओं से बकाया राशि की वसूली के लिए सुरक्षित संपत्ति: नया मुनि नंबर 35/698, पुराना मुनि नंबर 30/698, 30/861, सूबे की गोठ, लश्कर, कैलाश टॉकीज के पीछे, ग्वालियर, मध्य प्रदेश, 474001 (भूमि क्षेत्र 924 वर्ग फुट और निर्मित क्षेत्र 1266 वर्ग फुट) का भौतिक कब्जा ले लिया गया है. उपरोक्त उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे कब्जे के समय सुरक्षित संपत्ति में रखे घरेलू सामान को 7 दिनों के भीतर एकत्र कर लें अन्यथा, IIFL-HFL उन चल वस्तुओं को हटाकर गोदाम (वेयरहाउस) में स्थानांतरित करने के लिए विवश होगा. ऐसी स्थिति में, आप मूवर्स एंड पैकर्स की लागत, गोदाम का किराया और भंडारण शुल्क के अतिरिक्त खर्चों के लिए उत्तरदायी होंगे और आपको इनका पूरा भुगतान करना होगा. इसके अलावा, उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें कानून के अनुसार बेच दिया जाएगा. अधिक जानकारी के लिए, सोमवार से शुक्रवार सुबह 09.30 से शाम 18.00 बजे के बीच IIFL HFL टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर संपर्क करें या ई-मेल करें: auction.hl@iifl.com

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** प्लॉट नंबर 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा-122015

**स्थान: ग्वालियर** | **हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी**

**दिनांक: 3-अप्रैल-2026** | **आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड**



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-ग्वालियर (म.प्र.)**

**निविदा प्रकाशन सूचना**

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है, कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला ग्वालियर के अधीन समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं पर आउट सोर्स एजेन्सी के माध्यम से कुशल/अर्धकुशल /अकुशल, श्रमिक / कम्प्यूटर ऑपरेटर / मल्टी पर्पज वर्कर / सपोर्ट स्टाफ / केयर टेकर/कुक तथा सुरक्षा व्यवस्था हेतु सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराने हेतु पात्र निविदाकारों से वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु ऑनलाईन निविदाएँ http://mptenders.gov.in/ पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। शेष शर्तें निविदा प्रारूप में निहित रहेंगी।

| टेण्डर प्रकिया का विवरण | टेण्डर प्रकिया कार्यक्रम |
|---|---|
| टेण्डर क्रमांक | 2026_DHS_496088_1 |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि एवं समय | 06-04-2026 from 10:00 AM |
| प्री-बिड मीटिंग की तिथि एवं समय | 13-04-2026 at 02:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 27-04-2026 up to 06:00 PM |
| निविदा के ऑनलाईन भौतिक ऑफर खोले जाने की तिथि एवं समय | 29-04-2026 at 02:00 PM |
| ऑनलाईन निविदा खोले जाने का स्थान | Office of The CM&HO, Thatipur, District Gwalior |

G-11044/26

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला ग्वालियर**